हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 26 जून 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर| डभरा | सक्ती

नगर पालिका के अध्यक्ष ने किया करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन
2



## खबर संक्षेप

### कर्मचारी के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की होगी जांच

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टोरेट के एक कर्मचारी से संबंधित सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच में वायरल वीडियो सही पाया जाता है तथा कर्मचारी का आचरण सेवा नियमों के विपरीत पाया जाता है, तो संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### आकस्मिक मृत्यु : 12 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आकस्मिक आपदा मृत्यु के 3 प्रकरणों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी है। जिले के तहसील अकलतरा के ग्राम हरदी निवासी धनेश्वर केंवट की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पिता तीजराम केंवट, ग्राम आरसमेटा के रितिका गोड़ की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता दुजराम एवं तहसील जांजगीर के ग्राम मेंहदा निवासी शिवकुमार साहू की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती प्रेमलता साहू को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### 8 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बिर्रा।** पुलिस ने दबिश देकर एक युवक के कब्जे से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया है। मामला बिर्रा थाना अंतर्गत ग्राम बसंतपुर का है। इस संबंध में बिर्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बसंतपुर निवासी दिलेश्वर चौहान द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री करता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने उक्त मौके पर जाकर दबिश दी। इसी कड़ी में थाना बिर्रा पुलिस ने आरोपी दिलेश्वर चौहान के कब्जे से अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

### राज्य स्तरीय मशरूम महोत्सव आज, शामिल होंगी सांसद

**बहेराडीह।** बहेराडीह में स्थित देश के पहले किसान स्कूल में शुक्रवार 26 जून को राज्य स्तरीय मशरूम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मशरूम महोत्सव में मशरूम उत्पादक किसान, कृषि विशेषज्ञ, मशरूम उत्पादक समूह, युवा उद्यमी और कृषि क्षेत्र से जुड़े लोग एवं छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। महोत्सव में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े समेत जितेंद्र शर्मा, जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी, जिला पंचायत की सभापति उमा राजेन्द्र राठौर, बलौदा जपं सभापति चुड़ामणि राठौर, सरपंच पूना बाई मरकाम अतिथि होंगे। महोत्सव के दौरान मशरूम प्रतियोगिता' का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में पहला, दूसरा, तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले मशरूम उत्पादक समेत 10 किसानों को मशरूम मित्र सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही, मशरूम का स्टॉल लगाने वाले प्रतिभागियों को किसान स्कूल परिवार सहभागिता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। किसान स्कूल के संचालक एवं मशरूम के मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव ने बताया कि 26 जून को आयोजित राज्य स्तरीय मशरूम महोत्सव, चार थीम को लेकर किया जा रहा है, जिसमें मशरूम उत्पादन समेत पोषण, रोजगार, और आत्मनिर्भरता की ओर एक सशक्त कदम रखी गई है।

**खोखरा से कोसमंदा गांव पहुंची थी बारात, शराब के नशे में धुत दूल्हे को देखकर लिया बड़ा फैसला**

# मंडप से शराबी दूल्हे को बारात समेत बैरंग लौटाने वाली बेटी बनी महिला शक्ति की मिसाल, पुलिस ने परामर्श केन्द्र में दी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अपनी ही शादी में शराब के नशे में धुत होकर पहुंचा दुल्हा जब मंडप में खड़ा नहीं हो पा रहा था, तभी उसे बेटी ने अपना साहसिक फैसला ले लिया। दूल्हे की हरकत देखकर उसने शादी से साफ इंकार कर दिया। जिसके बाद मंडप में पहुंचा दूल्हा और उसके साथ आए बाराती बैरंग लौट गए। साहसिक बेटी के फैसले को सलाम करते हुए जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने ना केवल उसे सम्मानित किया बल्कि महिला सशक्तीकरण की मिसाल बताते हुए उसे परिवार परामर्श केन्द्र में काउंसलर की जिम्मेदारी दी।

गौरतलब है कि युवती के साहस और समाज को दिए गए सकारात्मक संदेश को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने उन्हें सम्मानित किया। साथ ही पारिवारिक विवादों के समाधान और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से परिवार परामर्श केंद्र जांजगीर में महिला काउंसलर की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि युवती का यह निर्णय नशामुक्त समाज, महिला सम्मान और आत्मगौरव का प्रतीक है। इस अवसर पर पुलिस के वरिष्ठ

**कलेक्टर-एसपी ने किया सम्मानित**





अधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। जांजगीर-चांपा पुलिस का यह सम्मान महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। थाना चांपा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोसमंदा की एक युवती ने विवाह समारोह के दौरान शराब के नशे में धुत दूल्हे को सिंदूर रस्म के समय देखकर साहसिक निर्णय लेते हुए पूरी बारात को वापस लौटा दिया था। उनके इस कदम की पूरे क्षेत्र में व्यापक सराहना हुई थी। इस साहसी एवं सामाजिक संदेश देने वाले निर्णय को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने उक्त बेटी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सम्मानित किया। साथ ही समाज में सकारात्मक बदलाव और पारिवारिक विवादों के समाधान में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उन्हें परिवार परामर्श केंद्र, जांजगीर का महिला काउंसलर नियुक्त किया गया। युवती के इस निर्णय को महिला सम्मान, आत्मगौरव एवं नशामुक्त समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। जांजगीर-चांपा पुलिस द्वारा दिया गया यह सम्मान निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक सोच और जागरूकता को बढ़ावा देगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप, सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे, डीएसपी सतरूपा तारम, थाना प्रभारी चांपा निरीक्षक अशोक वैष्णव सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**विद्यालय बंद कर किया धरना प्रदर्शन**

# निःशुल्क पुस्तक वितरण में देरी निजी स्कूल संचालकों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पाठ्य पुस्तक निगम की पुस्तक मिलने में हो रहे विलंब से नाराज निजी स्कूल संचालकों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने विद्यालय बंद जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया। इस बीच मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द पुस्तक दिलाए जाने की मांग की है। साथ ही इस दिशा में जल्द पहल नहीं होने पर आगे बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

ज्ञात हो कि विगत 22 जून को छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ के द्वारा छत्तीसगढ़ पाठय पुस्तक निगम के द्वारा शासकीय और निजी विद्यालय के विद्यार्थियों को पुस्तक प्रदान करने में लगातार विलंब करने के कारण विरोध हेतु एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम से कलेक्टर के द्वारा दिया गया था। ज्ञापन में छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ ने मांग की थी कि 24 जून तक अगर निशुल्क पुस्तक को निजी विद्यालयों को संकुल स्तर पर प्रदान करने का कोई लिखित आदेश नहीं आएगा। जांजगीर चांपा जिले सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ के जिला मुख्यालय में



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते निजी स्कूल संचालक संघ के पदाधिकारी।

धरना प्रदर्शन एवं रैली निकालकर पुनः ज्ञापन दिया जाएगा। इसी तारतम्य में गुरूवार 25 जून को निजी स्कूल संचालकों द्वारा पाठय पुस्तक निगम की पुस्तके मिलने में हो रही देरी को लेकर जिला मुख्यालय जांजगीर में धरना प्रदर्शन किया। संचालक संघ का कहना है कि अभी उन्हें छत्तीसगढ़ में 6 डिपो में पुस्तक देने के लिए 1 जुलाई से बुलाया गया है। और अंत में 21 जुलाई को जांजगीर-चांपा जिले के विद्यालयों को बिलासपुर से 20 किलोमीटर दूर डिपो में पुस्तक दी जाएगी। विगत वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ ने रायपुर में धरना प्रदर्शन दिया था। जिसके निजी विद्यालय को भी पुस्तक को स्कूल में स्कैन करने के लिए छूट दी गई थी। और मौखिक का शासन दिया गया था कि सत्र 2026-27 में निजी विद्यालय को भी पुस्तक संकुल स्तर पर प्रदान की जाएगी। परंतु छत्तीसगढ़ पाठ पुस्तक निगम में निजी विद्यालय के साथ में फिर से ध्यान नहीं दिया गया। संपूर्ण छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ पाठय पुस्तक निगम के द्वारा बिना किसी तैयारी के शासकीय स्कूलों को 10 जून से पुस्तक प्रदान की गई है परंतु अभी तक किसी भी शासकीय स्कूल में किसी भी कक्षा की सभी विषयों की पुस्तक प्राप्त नहीं हुई है और 25 जून तक स्कैन ना होने के कारण अधिकांश शासकीय स्कूल में उन पुस्तक का वितरण नहीं हुआ है। ऐसे में छात्रों को पढाई लिखाई के दौरान परेशानी होगी। इस समस्या को लेकर संघ के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में संघ के पदाधिकारी में राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक के सचिव एवं जिला अध्यक्ष मनोज पाण्डेय के साथ सचिव आलोक शुक्ला, संरक्षक रोशन केशरवानी, उपाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, धनेश मिश्रा , कोषाध्यक्ष प्रतीक गुप्ता, सह सचिव रवि निर्मलकर, धनंजय दिव्य, जितेंद्र सोनी, रवि शंकर चौबे, डी आर कश्यप, अखिलेश सेंगर गणेशराम पटेल, सुरेश कुमार, किशोर सिंह आलोक नाग, अखिलेश कटकवार, सुरेश यादव, आरपी यादव, जगदीश बंजारे ,घनश्याम जलतारे, अभय पांडेय, रजीन दास मानिकपुरी, महादेव टंडन, लक्ष्मी कश्यप, लीलाधर साहू, आर के साहू,राजेश पाण्डेय, शशांक जैन, कमलेश राठौर सहित अन्य संचालक शामिल रहे।

# युवक को रौंदने वाले का अब तक पता नहीं, आक्रोशित नगरवासियों ने किया चक्काजाम

**नगर पंचायत डभरा का मामला, 18 जून को हुआ था हादसा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

युवक को रौंद कर फरार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो पाई है। घटना को हुए एक सप्ताह से अधिक समय हो चुका है। इसी मामले को लेकर आक्रोशित नगरवासियों ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जिसके कारण आवागमन बाधित हुआ।

विदित हो कि 18 जून को सुबह नगर पंचायत डभरा का देव चन्द्रा नामक पच्चीस वर्षीय युवक सुबह दौड़ लगा रहा था कि तभी चंद्रपुर से डभरा की तरफ आ रही अज्ञात वाहन ने युवक को अपने चपेट में ले लिया और लगभग 50 मीटर तक घसीटा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में मृतक के परिजन एवं नगरवासियों के द्वारा थाना डभरा में ज्ञापन देते हुए चक्काजाम करने एवं आंदोलन करने का चेतावनी दी थी। ग्रामीणों का कहना था कि अज्ञात वाहन एवं उसके चालक पर कार्यवाही नहीं किया गया है। जिस पर आक्रोशित होकर मृतक के परिजन और नगरवासियों ने गुरूवार 25 जून को थाना चौक डभरा में चक्काजाम कर दिया जो कि लगभग एक घंटे चला, नगरवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले एक साल में अज्ञात वाहनों के कारण तीन चार लोगों का की जान जा चुकी है और पुलिस आज तक उन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाई है। बहरहाल पुलिस के द्वारा आश्वासन दिया गया कि इस मामले पर गंभीरता से खोजबीन किया जा रहा है और जल्द ही नतीजे आने की उम्मीद है तब कही जाकर चक्काजाम समाप्त हुआ इस सड़क के तीनों ओर गाड़ियों की कतार लग गई थी जिसे धीरे पुलिस वालों के द्वारा सुचारू किया गया।





डभरा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करते नगरवासी।

# न्यायालयीन कर्मचारी को चेक बाउंस मामले में एक वर्ष की सजा

**जांजगीर-चांपा।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जांजगीर ने चेक बाउंस के एक मामले में न्यायालयीन कर्मचारी को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही परिवादी को चार लाख रुपये प्रतिकर राशि अदा करने का आदेश दिया गया है।

मामले के अनुसार, व्यवहार न्यायालय अकलतरा में आदेशिका वाहक के पद पर पदस्थ नारायण प्रसाद यादव ने वर्ष 2023 में अपने ऋण एवं दायित्व के निर्वहन हेतु तीन लाख रुपये का चेक दिया था, जो बैंक में प्रस्तुत करने पर अनादरित हो गया। विधिक नोटिस के बावजूद राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर परिवाद प्रस्तुत किया गया था।प्रकरण की सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी को परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत दोषी पाते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास तथा चार लाख रुपये प्रतिकर राशि देने का आदेश दिया। प्रतिकर राशि जमा नहीं करने की स्थिति में एक माह के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भी निर्धारित की गई है। यह फैसला इस बात का उदाहरण माना जा रहा है कि न्यायालय की नजर में सभी व्यक्ति समान हैं और न्याय सबके लिए बराबर है।

### 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**जांजगीर-चांपा।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए, उन्हें संरक्षण देने के लिए छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्याखेट अधिनियम 1972 की धारा 3 की उपधारा दो के तहत 15 अगस्त तक क्लोज सीजन घोषित किया गया है।

# सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने चला प्रशासन का डोजर



जेसीबी से बेजाकब्जा तोडने की कार्रवाई करता अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

जांजगीर चांपा चांपा से लगे ग्राम पंचायत कुर दा की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर मकान एवं दुकान का निर्माण किया गया है। इस मामले में बुलडोजर चला कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। साथ ही मामले में पांच लोगों को नोटिस दिया गया है।

गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद चांपा से लगे ग्राम पंचायत कुरदा के सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर मकान एवं दुकान बना दिया गया है जिसके चलते लोगों को परेशानी हो रही है बताया जा रहा है कि इस सरकारी जमीन पर करीब 11 लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया गया है इस मामले की मिली शिकायत के आधार पर तहसीलदार एवं उनकी टीम द्वारा संबंधित स्थल का निरीक्षण किया गया। साथ ही साथ सरकारी जमीन पर से बुलडोजर के माध्यम से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही से अवैध अतिक्रमण करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया है।

**की गई कार्रवाई**

गांव के कुछ लोगों के द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर मकान एवं दुकान बना दिया गया है। मिले शिकायत के आधार पर बुलडोजर चलवा कर कार्यवाही की गई है। मामले में पांच को नोटिस दिया गया है।

-प्रशांत पटेल,
तहसीलदार चांपा

**जिम्मेदार अधिकारियों को नहीं कोई सरोकार**

# सड़क किनारे लगे अर्जुन पेड़ों की हो रही अंधाधुंध कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 1 किलोमीटर दूर सक्ती-मालखरौदा राज्य मार्ग 16 के पोता नहर के दोनों छोर पर सड़क के किनारे मुख्य मार्ग पर सैकड़ो अर्जुन की वृक्ष लंबे समय से लोगों को छाया दे रहे थे, जिसे काट दिया गया है इसे लेकर जिम्मेदार अफसरों को कोई सरोकार नहीं है।

ज्ञात हो कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से सड़क किनारे स्थित कई दशक पुराने अर्जुन के पेड़ों पर कुल्हाड़ी और कटर चलाए जा रहे हैं। अर्जुन का पेड़ न सिर्फ राहगीरों को भीषण गर्मी में शीतल छाया देता है, बल्कि



पेड काटने के बाद नजर आ रहे ठूंठ।

आयुर्वेद में इसका बहुत बड़ा महत्व है। इसकी छाल हृदय रोग सहित कई अन्य बीमारियों के इलाज में रामबाण मानी जाती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बिना किसी ठोस योजना के इन हरे-भरे पेड़ों को धराशायी किया जा रहा है।नियमों को ताक पर रखकर कटाईनियमों के मुताबिक, यदि किसी विकास कार्य के लिए पेड़ काटना अनिवार्य हो, तो उसके बदले नए पौधे लगाने और अनुमति लेने का प्रावधान है, लेकिन इस मामले मे नियमों को ताक पर रखकर केवल कटाई में जुटे हैं। कटे हुए पेड़ों की लकड़ी को भी आनन-फानन में ठिकाने लगाया जा रहा है, जिससे मौके पर जगह-जगह ठुठ हीं दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से सड़क किनारे स्थित कई दशक पुराने अर्जुन के पेड़ों पर कुल्हाड़ी और कटर चलाए जा रहे हैं। अर्जुन का पेड़ न सिर्फ राहगीरों को भीषण गर्मी में शीतल छाया देता है, बल्कि आयुर्वेद में इसका बहुत बड़ा महत्व है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बिना किसी ठोस योजना के इन हरे-भरे पेड़ों को धराशायी किया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी जिम्मेदार अफसरों को ना हो। इसके बावजूद अर्जुन पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है।

**ली जाएगी जानकारी**

सड़क किनारे के अर्जुन वृक्षों को काटे जाने के संबंध में जानकारी नहीं है। ऐसा है तो इस बारे में जानकारी ली जाएगी।

-आर एन सूर्यवंशी,
सब इंजीनियर
लोक निर्माण विभाग

## खबर संक्षेप

### नितीश सोनी बने चार्टर्ड अकाउंटेंट



**दीपका।** नगर के होनहार युवा नितीश सोनी ने कठिन परिश्रम, लगन एवं दृढ़ संकल्प के बल पर चार्टर्ड अकाउंटेंट की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर दीपका सहित पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। नितीश सोनी, लक्ष्मीकांत सोनी एवं श्रीमती रागिनी सोनी के सुपुत्र हैं। इस अवसर पर दादा रामकुमार सोनी, दादी श्रीमती सोना देवी सहित समस्त सोनी परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### चंद्रकला का एनएमएमएसई परीक्षा में हुआ चयन



**बरपाली।** ग्राम ढनढनी की प्रतिभाशाली छात्रा चंद्रकला बिंझवार का राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन हुआ है। चंद्रकला पूर्व माध्यमिक शाला सरगबुंदिया वि.खं. करतला की कक्षा 8वीं की छात्रा हैं। चंद्रकला ने अपनी मेहनत, लगन एवं निरंतर अध्ययन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उनके चयन से विद्यालय, परिवार में हर्ष का माहौल है। चंद्रकला के पिता छत राम बिंझवार एवं माता सुरातीन बाई ने बेटी की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे उसके परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। उक्त परीक्षा में चयनित छात्रों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक हर साल 12 हजार दिए जाते है।

### हरेलिया बाई 12 मत प्राप्त कर बनी उप सरपंच



**कोरबा।** पाली जनपद पंचायत में सुशासन तिहार शिविर में महिला सरपंच के पति एवं सचिव ने उपसरपंच की शिकायत की गई थी, शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं हो रही थी। आखिरकार पंच व सरपंच ने अविश्वास प्रस्ताव की कार्यवाही करने साथ ही एक माह के भीतर ही समस्या का निराकरण कर लिया। इसी कड़ी में उपसरपंच का उप चुनाव 24 जून को प्राशासनिक अधिकारियों के दिशा निर्देश पर कराया गया। इस चुनाव में हटाये गए उप सरपंच जयलाल सिंह कंवर और हरेलिया बाई धनुवार दो प्रत्याशी मैदान में थे। यहां बताना होगा कि पंचों की संख्या 19 है तथा एक पद सरपंच का है इस प्रकार कुल मतदाता 20 हैं। उप चुनाव में पूर्व उपसरपंच जयलाल को 8 मत एवं हरेलिया बाई को 12 मत प्राप्त कर विजय घोषित हुए।

### जेपी बने अभा सतनामी महासभा के सचिव



**कोरबा।** अखिल भारतीय महासभा का शताब्दी वर्ष 2025 में पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश स्तरीय सम्मेलन बरदवार जिला शक्ति में 20 जून को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुरु रुद्र कुमार पूर्व कैबिनेट मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें वरिष्ठ राजमहंत दशेराम खांडे को राष्ट्रीय अध्यक्ष, राजमहंत बीएल कोसरिया को महासचिव तथा राजमहंत जेपी कोशले को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है।

### सेजस बिंझरा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**कोरबा।** शाला प्रवेश उत्सव नोडल शाला सेजस बिंझरा में धूमधाम से मनाया गया। प्रतिवर्ष के अनुसार शाला प्रवेश उत्सव शाला में ना केवल प्रवेशी छात्रों के नामांकन अपितु उत्साह व जोश छात्रों को उच्च कक्षाओं में पठन-पाठन के लिए प्रवेश दिलाना होता है साथ ही प्रवेश उत्सव पालक बालक और शिक्षक को विद्यालय में सम्मान कर शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। उक्त अवसर पर नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर मुंह मीठा कर विद्यालय में एकत्रित बुक बैंक की पुस्तकों का वितरण कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।


**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-सक्ती (छ.ग.)**

विवाह प्रकरण क्रमांक 258
दिनांक 29.05.2026
ग्राम- मलनी, तहसील भोथिया

आवेदक ओमप्रकाश लहरे, उम्र 26 वर्ष पिता श्री लक्ष्मण प्रकाश लहरे, जाति सतनामी, निवासी वार्ड नं. 04 भाठापारा, ग्राम गाड़ामोर पोस्ट व थाना व तहसील जैजैपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका सरस्वती उम्र 22 वर्ष पिता श्री सुरेश कुमार, जाति चन्द्रा (चन्द्रनाहू) निवासी वार्ड नं. 03 बस्ती ग्राम मलनी, पोस्ट सलनी थाना जैजैपुर तहसील भोथिया जिला-सक्ती (छ.ग.) **विरूद्ध छत्तीसगढ़ शासन**

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम मलनी, तहसील भोथिया जिला सक्ती (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश लहरे, उम्र 26 वर्ष पिता श्री लक्ष्मण प्रकाश लहरे, जाति सतनामी, निवासी वार्ड नं.04 भाठापारा, ग्राम गाड़ामोर पोस्ट व थाना व तहसील जैजैपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका सरस्वती उम्र 22 वर्ष पिता श्री सुरेश कुमार, जाति चन्द्रा (चन्द्रनाहू) निवासी वार्ड नं. 03 बस्ती ग्राम मलनी, पोस्ट सलनी थाना जैजैपुर तहसील भोथिया जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा / आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 10.07.2026 को 11:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.06.2026 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला सक्ती (छ.ग.)**


# किताबों की कमी, अशासकीय विद्यालयों के संचालक व शिक्षकों ने खोला मोर्चा

## किताबों की समय पर आपूर्ति की मांग को लेकर घेरेंगे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज >> कोरबा

जिले के अशासकीय विद्यालयों के संचालक एवं शिक्षक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 25 जून को कलेक्टोरेट के समक्ष विरोध प्रदर्शन करेंगे। अशासकीय विद्यालय संघ ने राज्य शासन पर निजी विद्यालयों के साथ उपेक्षापूर्ण व्यवहार का आरोप लगाते हुए कहा है कि समय पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं कराए जाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

अशासकीय विद्यालय संघ, दीपका ब्लॉक के अध्यक्ष भौनेंद्र डहरवाल ने बताया कि निजी विद्यालयों को पुस्तकों के लिए कई बार बिलासपुर बुलाया जाता है, लेकिन वहां पहुंचने के बाद भी पुस्तकें नहीं मिल पातीं और स्कूल प्रतिनिधियों को खाली हाथ लौटना पड़ता है। इससे विद्यालय प्रबंधन को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संघ के आह्वान पर जिले के विभिन्न अशासकीय विद्यालयों के संचालक, प्राचार्य एवं शिक्षक 25 जून को सुबह 11 बजे बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने एकत्र होकर प्रदर्शन करेंगे। आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी सदस्य विद्यालयों से उस दिन स्कूल बंद रखकर विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की गई है। हालांकि शिक्षकों को विद्यालय संबंधी औपचारिक दायित्वों के लिए उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। संघ का कहना है कि यह किसी एक विद्यालय की नहीं, बल्कि जिले के सभी अशासकीय विद्यालयों की साझा समस्या है। इसलिए सभी स्कूल संचालकों और शिक्षकों को एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद करनी चाहिए। संघ ने मांग की है कि सभी अशासकीय विद्यालयों को जून माह में ही पाठ्यपुस्तकों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। सभी विद्यालयों को संकुल (क्लस्टर) स्तर पर पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं, ताकि पुस्तकों के लिए दूर-दराज के स्थानों तक नहीं जाना पड़े। संघ ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन और राज्य शासन इस समस्या का शीघ्र समाधान कर निजी विद्यालयों एवं विद्यार्थियों को राहत प्रदान करेंगे।

**खास बातें**

- प्रतिवर्ष देर से मिलती है निजी स्कूलों को सरकारी किताबें
- बिलासपुर गोदाम से स्वयं के खर्च पर लाने की मजबूरी



## पिछले 7 साल से निगम के वार्डों में बनी हुई है स्ट्रीट लाइट की कमी की समस्या

# इंतजार के बाद भी वार्ड की गलियां नहीं हुई रौशन

हरिभूमि न्यूज >> कोरबा

नगर निगम में सरकार बदलने के ढाई साल बाद भी स्ट्रीट लाइट का टोटा बना हुआ है। पूर्व में कांग्रेस महापौर के शासनकाल के दौरान भी 5 वर्षों तक निगम के वार्डों में स्ट्रीट लाइट की किल्लत बनी हुई थी। नई सरकार बनने के बाद उम्मीद थी कि वार्डों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुधर जाएगी पर ऐसा हुआ नहीं। निगम क्षेत्र के अधिकतर वार्डों में स्ट्रीट लाइट के कमी की समस्या बनी हुई है कहने को तो कुछ वार्डों में 25-25 की संख्या में स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति की गई है पर यह ऊंट के मुंह में जीरा के समान साबित हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि पिछले लंबे अर्से से निगम क्षेत्र के वार्डों में निवासरत लोगों को स्ट्रीट लाइट की कमी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में कांग्रेस महापौर राजकिशोर प्रसाद के शासनकाल के दौरान भी स्ट्रीट लाइट की कमी समस्या बनी हुई थी। वार्डवासियों की शिकायत पर स्थानीय पार्षद जल्द ही स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति का आश्वासन देते रहे पर वार्डों में लगे बिजली खंभों में लाइट नजर नहीं आयी। स्ट्रीट लाइट की मांग करते करते 5 वर्ष गुजर गए पर वार्डों की गलियों में छाया अंधेरा दूर नहीं हुआ। हर बार निगम अधिकारियों द्वारा स्ट्रीट लाइट सप्लाई का आर्डर देने व जल्द आपूर्ति होने का आश्वासन दिया जाता रहा पर स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति नहीं होने की वजह से वार्डों तक स्ट्रीट लाइट नहीं पहुंची। इंतजार करते करते



बिजली खंभा जिसमें नहीं लगी स्ट्रीट लाइट।

आखिरकार 5 वर्ष गुजर गए और नगरीय निकाय चुनाव के बाद नगर पालिक निगम कोरबा में भाजपा सत्ता में आ गई। नई सरकार के आने के बाद महापौर संजूदेवी राजपूत के आने से लोगों में एक बार फिर उम्मीद जगी कि वार्डों के गलियों में व्याप्त अंधेरा जल्द दूर हो जाएगा पर ऐसा हुआ नहीं। ढाई वर्ष गुजरने के बाद भी अब तक पर्याप्त मात्रा में स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति नहीं हो सकी है। ढाई साल से पार्षदों द्वारा स्ट्रीट लाइट की मांग करने के बाद बीते माह निगम में स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति तो हुई पर इसकी संख्या कम थी। यही वजह है कि निगम क्षेत्रों के कुछ वार्डों में 25-25 की संख्या में स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति की गई जिससे वार्डवासियों को कुछ राहत जरुर मिली है पर यह पर्याप्त नहीं है।

**खंभे लगने के 4 साल बाद भी नहीं लगी स्ट्रीट लाइट**

नगर निगम के अधिकतर वार्डों में स्ट्रीट लाइट के कमी की समस्या बनी हुई है। पोड़ीबहार वार्ड के वन विभाग नर्सरी रोड में कांग्रेस शासन के दौरान बिजली के खंभे व केबल बिछाए गए थे। 4 वर्ष से अधिक समय गुजरने के बाद भी अब तक इन खंभों में स्ट्रीट लाइट नहीं लग पायी है। कई खंभे स्ट्रीट लाइट का इंतजार करते करते जर्जर होने की स्थिति में हैं। बावजूद इसके खंभों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं हो पायी है।

**पार्षद निधि से खरीदनी पड़ रही स्ट्रीट लाइट**

स्ट्रीट लाइट की कमी की समस्या से केवल विपक्षी पार्षद ही परेशान नहीं हैं बल्कि सत्ताधारी दल के पार्षद भी इस समस्या से दो चार हो रहे हैं। पार्षद निर्वाचित होने के दौरान वार्डों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने का वादा करने के बाद वादा पूरा नहीं करने की वजह से इन्हें वार्डवासियों की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा था। यही वजह है कि वार्ड बुधवारी के भाजपा पार्षद ने इस समस्या से निजात पाने पार्षद निधि के 2 लाख रुपए की राशि से स्ट्रीट लाइट खरीदी करने का आवेदन निगम आयुक्त को दिया जिस पर निगम आयुक्त ने विद्युत व्यवस्था पर 2 लाख की राशि खर्च नहीं करने का हवाला देते हुए स्ट्रीट लाइट खरीदी के लिए 1 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की जिसके बाद पार्षद पंकज देवांगन ने पार्षद निधि की राशि से अपने वार्ड में लगभग 35 स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की है।

**मरम्मत कर चलाया जा रहा काम**

नगर निगम के पास स्ट्रीट लाइट की कमी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछले कई वर्षों से नगर निगम द्वारा केवल स्ट्रीट लाइट का मरम्मत कर काम चलाया जा रहा है। शिकायत मिलने पर स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कर अपने कर्त्तव्यों से इतिश्री कर लिया जा रहा है। इस संबंध में जब निगम के इंजीनियर राकेश मसीह से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने बताया कि मुझे स्ट्रीट लाइट मरम्मत का जिम्मा सौंपा गया है। नए स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति व आर्डर के संबंध में इंजीनियर भूषण उरांव ही सही जानकारी दे सकते हैं। हालांकि भूषण उरांव के शहर से बाहर व मोबाइल में कवरेज नहीं होने से संपर्क नहीं हो सका।

# पेंशन हितग्राही जोन कार्यालय या च्वाइस सेंटर पहुंचकर कराए अपना सत्यापन

हरिभूमि न्यूज >> कोरबा

शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को बिना किसी अवरोध के समय पर पेंशन प्राप्त हों, इस हेतु हितग्राही का वार्षिक सत्यापन किया जाना अनिवार्य हैं, निगम द्वारा इस हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने एक आदेश जारी कर इस हेतु अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे हैं, साथ ही पेंशन हितग्राहियों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने वार्ड से संबंधित जोन कार्यालय अथवा च्वाईस सेंटर में पहुंचे तथा अपना वार्षिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करा लें ताकि उन्हें पेंशन प्राप्त होने में कोई अवरोध उपस्थित न हों।

केन्द्र एवं राज्य सरकार की सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन मोबाईल एप बेनेफिशियरी सत्यापन एप के माध्यम से शत प्रतिशत किया जाना अनिवार्य है ताकि उन्हें पेंशन प्राप्त होने में किसी प्रकार के अवरोध का सामना करना न पड़े. तथा नियमित रूप से समय पर पेंशन उनके खाते में पहुंच जाए। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आदेश जारी कर पेंशन हितग्राहियों का मोबाईल एप के माध्यम से वार्षिक सत्यापन किये जाने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुये इस हेतु अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे हैं तथा उनसे कहा है कि वे निगम के वार्ड के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर पेंशन हितग्राहियों का शत प्रतिशत वार्षिक सत्यापन कराया जाना सुनिश्चित करें। पेंशन योजनाओं के हितग्राही वार्षिक सत्यापन किये जाने हेतु अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं मोबाईल नम्बर के साथ नगर निगम कोरबा के अपने वार्ड से संबंधित जोन कार्यालय अथवा च्वाईस सेंटर में स्वयं उपस्थित होकर अपना वार्षिक सत्यापन मोबाईल एप बेनेफिशियरी सत्यापन एप के माध्यम से करा सकते हैं।

**खास बात**

- बिना सिी अवरोध के समयपर पेंशन खाते में पहुंचे इस हेतु हितग्राही का वार्षिक सत्यापन अनिवार्य

# नगर पालिका के अध्यक्ष ने किया करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन



विकास कार्यों का भूमिपूजन करते नगर पालिका अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज >> कटघोरा

नगर पालिका के अध्यक्ष राज जायसवाल ने अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नगर में करीब 1 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से किये जाने वाले विकास कार्यों का बुधवार को भूमिपूजन किया। जिसमें वार्ड क्रमांक 2 में नगर के विकास एवं जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इनमें बीआर अंबेडकर भवन के बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य 24.75 लाख, बीएसएनएल कार्यालय से बीआर अंबेडकर भवन तक सीसी रोड निर्माण कार्य 24 लाख, नगर पालिका कार्यालय के बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य 17.88 लाख, नगर पालिका परिसर में वाहन पार्किंग हेतु शेड निर्माण कार्य 18 लाख, बंटी स्टोर से मेला ग्राउंड तक सीसी रोड निर्माण कार्य 16.10 लाख, रेस्ट हाउस से बद्दी जनरल स्टोर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 10.94 लाख तथा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 14.92 लाख शामिल हैं। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएँ प्राप्त होंगी तथा नगर के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष लालबाबू ठाकुर, पार्षद हरीश यादव, संजय अग्रवाल, रमेश पटेल, अजय गर्ग, निसार अहमद एवं लक्ष्मी खैरवार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुद्रिका प्रसाद तिवारी सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## मानदेय शिक्षक के लगभग 50 पद किए गए कम, 500 शिक्षकों की होनी थी भर्ती

**कोरबा।** मानदेय शिक्षक भर्ती को लेकर लगातार नए निर्देश जारी हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर हो रही इस भर्ती में रोज नए अपडेट हो रहे हैं। बुधवार को जारी की गई विलोपन सूची के अनुसार सभी विकासखंड में लगभग 10-10 पद कम किए जा रहे हैं। इस तरह से कुल 50 पद कम होंगे। जिसमें प्राथमिक और माध्यमिक शाला ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। मानदेय शिक्षकों की भर्ती शुरु हो गई है। पूर्व में पढ़ा रहे मानदेय शिक्षकों में से 50 शिक्षक से अधिक शिक्षक बाहर होने जा रहे हैं। सेटअप के अनुसार बीते वर्ष मानदेय शिक्षकों की भर्ती की जा रही है। इस वर्ष इसे बदले कर दर्ज संख्या के हिसाब से पदस्थ किया जा रहा है। जिससे कुछ मिडिल स्कूल में गणित व अंग्रेजी जैसे विषय पढ़ाने वाले मानदेय शिक्षक बाहर हो रहे हैं। जबकि उन स्कूलों में गणित व अंग्रेजी जैसे विषय पढ़ाने वाले शिक्षक ही नहीं हैं। कलेक्टर के निर्देश के बाद दर्ज संख्या के हिसाब से शुरू की गई भर्ती में विषय शिक्षक की पदस्थापना को नजर अंदाज कर दिया गया है। ऐसी स्थिति पूर्व माध्यमिक शाला में सामने आई है। हालांकि विभाग संशोधन सूची जारी करने की बात जरूर कर रहा है। किन्तु एक साल तक दूर दराज क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देने वाले मानदेय शिक्षकों के सामने रोजगार जाने का संकट जरूर खड़ा हो गया है।

# युवा पीढ़ी को आपातकाल की सच्चाई जानना आवश्यक: अनुज



पत्रकारों से बातचीत करते विधायक श्री शर्मा।

हरिभूमि न्यूज >> कोरबा

आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय है। 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक देश ने तानाशाही और दमन का दौर देखा। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सलाह पर राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद द्वारा संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आपातकाल लागू किया गया, जिसके बाद नागरिक अधिकारों को कुचल दिया गया और लोकतांत्रिक संस्थाओं को निष्प्रभावी बना दिया गया।

उक्त बातें धरसींवा विधायक एवं भाजपा नेता अनुज शर्मा ने प्रेस क्लब तिलक भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही। श्री शर्मा ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा इंदिरा गांधी के निर्वाचन को अवैध ठहराए जाने के बाद सत्ता बचाने के लिए आपातकाल लगाया गया। इसके साथ ही देशभर में विपक्षी नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों की गिरफ्तारियां शुरू हो गईं। लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मोरारजी देसाई, जॉर्ज फर्नांडिस सहित हजारों नेताओं को जेलों में बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के लंबे संघर्ष और बलिदान से प्राप्त लोकतंत्र को कांग्रेस सरकार ने एक रात में समाप्त कर देश को तानाशाही की दिशा में धकेल दिया।

आपातकाल के दौरान संसद, न्यायपालिका और राष्ट्रपति जैसे संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका कमजोर कर दी गई तथा संविधान में व्यापक संशोधन किए गए। विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सबसे बड़ा प्रहार आपातकाल के दौरान हुआ। अखबारों की बिजली काट दी गई, समाचारों पर सेंसरशिप लागू कर दी गई और पत्रकारों को जेल भेजा गया। उन्होंने बताया कि हजारों समाचार पत्रों को जब्त किया गया तथा सैकड़ों पत्रकारों को मीसा कानून के तहत गिरफ्तार किया गया। मीडिया पर सरकारी दबाव बनाकर लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि देश की युवा पीढ़ी को आपातकाल की सच्चाई से अवगत कराना आवश्यक है।





**फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में**
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

**प्रवेश प्रारंभ**
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

**TOP IN JANJGIR**














## धर्मन - द डेडली डॉक्टर में खतरनाक अवतार में दिखेंगे रजनीकांत...

**नई दिल्ली।** कमल हासन की राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल ने रजनीकांत की मचअवेटेड फिल्म 'धर्मन - द डेडली डॉक्टर' का फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी किया है। पोस्टर देखकर बहुत ज्यादा कुछ तो रिवील नहीं हुआ। लेकिन, बहुत कुछ दिखाने के बजाय, यह उस एक चीज पर फोकस करता है जिसने कई पीढ़ियों से फैंस को जोड़े रखा है और वह है रजनीकांत का जबरदस्त और प्रभावशाली व्यक्तित्व। इसमें रजनीकांत को डॉक्टर के अवतार में दिखाया गया है। उनके खून से सने हाथों में एक स्कैल्पल उनके चेहरे की हल्की मुस्कान, खास तरह का चश्मा और ऑपरेशन थिएटर का बैकग्राउंड एक ऐसे किरदार की ओर इशारा करते हैं जिसमें अधिकार और रहस्य दोनों तरीके की बातें छुपी हुई हैं।

लाइफ Style



# भूमि
## दो हफ्ते के लिए बनीं फॉर्म गर्ल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भूमि पेडनेकर हाल ही में अपने छोटे से हॉलीडे का भरपूर आनंद लेती नजर आईं, जहां वह खेत-खलिहान, प्रकृति की गोद में और बकरियों के बच्चे के साथ वक्त बिताते नजर आए। भूमि पेडनेकर पूरी तरह ऑर्गेनिक माहौल के बीच सुकून भरे पल बिताती दिखीं।


भूमि पेडनेकर हाल ही में अपने व्यस्त कार्यक्रम से कुछ समय निकालकर प्रकृति के बीच सुकून भरे पल बिताती दिखीं। उन्होंने दो सप्ताह एक फार्म पर गुजारे, जिसे उन्होंने अपना घर से दूर दूसरा घर बताया। भूमि ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस ग्रामीण जीवन की कई झलकियां शेयर की और फैन्स को प्रकृति, घर में उगाए गए ताजा भोजन और फार्म के जानवरों से घिरे अपने जीवन की एक झलक दिखाई। अपने ट्रिप का एक वीडियो मोंटाज शेयर करते हुए भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'मैं और मैं, दो हफ्ते तक एक फार्म गर्ल बनकर रही और यह अनुभव बेहद खास रहा। यह मेरा घर से दूर दूसरा घर है, जहां मैं प्रकृति और अपनी पसंदीदा चीजों से घिरी रही।' मैं और मैं । मैंने दो हफ्ते फार्म गर्ल बनकर बिताए और ये बहुत ही शानदार था । मेरा दूसरा घर, प्रकृति से घिरा हुआ और वो सब कुछ जो मुझे पसंद है। अनु मां, लव यू। पोस्ट के शुरुआत एक तस्वीर से होती है, जिसमें भूमि एक प्यारे सफेद बकरी के बच्चे को गोद में लिए हुए नजर आ रही हैं। काले रंग के एथलीजर परिधान में सजी एक्ट्रेस मुस्कुराते हुए उसके साथ पोज देती दिखीं। एक अन्य वीडियो में भूमि हरे-भरे जंगल के रास्तों पर ट्रेकिंग करती दिखाई देती हैं।

हॉलीवुड मसाला



## अलग अवतार में दिखेंगे टॉम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज ने सिनेमा के सबसे बड़े एक्शन स्टार्स में से एक के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। मगर इस बार वह अपकमिंग फिल्म 'डिगर' में एक बिल्कुल अलग अवतार में दर्शकों को हैरान करने के लिए तैयार हैं। इसमें उनके टैलेंट का एक नया और अनोखा पहलू देखने को मिलेगा। मंगलवार को, ऑस्कर विजेता फिल्ममेकर एलेजांद्रो गोंजालेज इनारितु की नई ब्लैक कॉमेडी फिल्म 'डिगर' से जुड़े वीडियो और तस्वीरें सामने आईं।




## लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में दिखाई जाएगी शोले...

**मुंबई।** रमेश सिप्पी द्वारा निर्देशित और संजीव कुमार, अमजद खान, हेमा मालिनी, धर्मेंद्र और जया जैसे सितारों से सजी फिल्म 'शोले' अब लंदन के मशहूर रॉयल अल्बर्ट हॉल में दिखाई जाएगी। इस फिल्म का संगीत आर.डी. बर्मन ने दिया था। लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में ब्लॉकबस्टर फिल्म 'शोले' की एक खास स्क्रीनिंग होगी। इस शो की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि जब स्क्रीन पर फिल्म चल रही होगी, तब 'रॉयल फिलहारमोनिक कॉन्सर्ट ऑर्केस्ट्रा' आर.डी. बर्मन के शानदार संगीत का लाइव म्यूजिक बजाएगा। 10 अक्टूबर को होने वाले इस कार्यक्रम को 'फिल्म्स इन कॉन्सर्ट' नाम दिया गया है। दर्शकों को फिल्म का नया और साफ 4के वर्जन देखने को मिलेगा। इसमें वे सीन भी शामिल किए गए हैं, जिन्हें 1975 में भारतीय सेंसर बोर्ड ने काट दिया था। फिल्म को हॉल की बड़ी स्क्रीन पर हिंदी भाषा में ही दिखाया जाएगा।



## दुल्हनिया ले आएगी का आया फर्स्ट लुक

**मुंबई।** अभिनेत्री खुशाली कुमार की आगामी फिल्म 'दुल्हनिया ले आएगी' का फर्स्ट लुक पोस्टर बुधवार को जारी कर दिया गया है। इस पोस्टर में खुशाली कुमारी सजी-धजी दुल्हन के जोड़े में नजर आ रही हैं। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर में खुशाली कुमार दिखाई दे रही हैं। इस फर्स्ट लुक में खुशाली कुमार लाल रंग के लहंगे में नजर आ रही हैं। दुल्हन की तरह सजी-धजी खुशाली सिर पर मांग टीका और हाथों में चूड़ा पहने हुए हैं। इसके साथ ही वो आंखों पर काला चश्मा भी लगाए हुए हैं। इस पोस्टर में खुशाली पगड़ियों के ढेर के ऊपर लेटी हुई हैं। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी घोषित कर दी है। 'दुल्हनिया ले आएगी' 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## वेलकम टू द जंगल का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** मुंबई के एक मल्टीप्लेक्स में 'वेलकम टू द जंगल' फिल्म के गाने 'तेरा पैसा मेरा पैसा' के लॉन्च इवेंट में अक्षय कुमार, फरीदा जलाल, जैकलीन फर्नांडीस, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, सुनील शेट्टी, राजपाल यादव, कीकू शारदा, विंदू दारा सिंह, डायरेक्टर अहमद खान और प्रोड्यूसर फिरोज़ ए. नाडियाडवाला और राकेश डांग शामिल हुए। इस इवेंट में अहमद खान की तारीफ की गई कि उन्होंने इतनी बड़ी स्टार-कास्ट वाली फिल्म को अच्छे से संभाला। गाना भी काफी मजेदार है। 'वेलकम टू द जंगल' बस दो दिन बाद रिलीज होने वाली है और इससे पहले इसका एक और गाना 'तेरा पैसा मेरा पैसा' रिलीज हो गया है। इस गाने में दिशा पाटनी और जैकलीन के साथ-साथ अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी की कॉमेडी भी देखने को मिलती है।

टीवी मसाला



## तुलसी के लिए बंद हुए शांति निकेतन के दरवाजे

**नई दिल्ली।** एकता कपूर के सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने नया मोड़ लिया है। कहानी दस साल आगे बढ़ गई है। इसकी चर्चा तो काफी वक्त से चल रही थी, मगर अब पुष्टि भी हो गई है। मेकर्स ने नया प्रोमो जारी किया है। इसमें दिखाया गया है कि शांति निकेतन में दीवार खिंच गई है। गौतम और करण पहले भी एक-दूसरे को पसंद नहीं करते थे, लेकिन अब एक-दूसरे की आवाज तक नहीं सुनना चाहते। शांति निकेतन बिखर गया है, जिसमें तुलसी विरानी को कदम रखने की इजाजत तक नहीं है। बालाजी टेलीफिल्म्स के इंस्टाग्राम अकाउंट से सीरियल का प्रोमो जारी किया गया है। इसमें दिखाया गया है कि तुलसी विरानी जेल से बाहर निकल रही है। हाथ में बैग थामे वह शांति निकेतन की तरफ लौटते हुए सोचती है, 'इतने साल हो गए अपने बच्चों से मिले हुए। अब वक्त आ गया है वापस उनके पास जाने का'। मगर, जैसे ही शांति निकेतन के कपाट खोलती है तो नजारा देखकर हैरान रह जाती है। शांति निकेतन के आंगन में लकीर खिंची है। एक तरफ गौतम खड़ा है और एक तरफ करण। दोनों के बीच तू-तू, मैं-मैं हो रही है। गौतम की आवाज तक करण नहीं सुनना चाहता। दोनों के बीच बहस हो रही है। इसी बीच दरवाजे पर तुलसी को देख करण झल्ला जाता है। वह कहता है, 'आप? अब किसको गोली मारने आई हैं। हर दिन मैंने यही दुआ मांगी कि आप जैसी मां किसी को न मिले'। करण की बातें सुनकर तुलसी हैरान रह जाती है।

### 16 साल बाद डॉक्टर बनकर लौटे करण

**नई दिल्ली।** करण सिंह ग्रोवर के सबसे यादगार किरदारों में से एक 'डॉक्टर अरमान' का है। 16 साल पहले आए शो 'दिल मिल गए' में उन्हें इस रूप में बेहद पसंद किया गया था। अब हाल ही में वह अपने इस आइकॉनिक किरदार में एक बार फिर से अमोल परासर की हालिया रिलीज वेब सीरीज 'ग्राम चिकित्सालय' सीजन 2 में एक बार फिर से दिखाई दिए। ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 का हाल ही में प्राइम वीडियो ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर नया प्रोमो शेयर किया है। इस प्रोमो में वह पिंक रंग की शर्ट पहनकर स्टेथोस्कोप लगाए एंट्री लेते हैं और डॉ. प्रभात और डॉ. गार्गी के मरीज का अपने अंदाज में इलाज करते हैं। वह प्रभात के मरीज को उसके बाद घर भेज देते हैं। 2 मिनट में हुए मरीज का इलाज देखकर हैरान डॉ प्रभात पूछता है, डॉ.साहब, आपका भटकंडी आने का इरादा है क्या? जिसका रिस्पांस करते हुए डॉ. साहब स्माइल करते हुए कहते हैं, 'नहीं डॉ. साहब मैं सिर्फ दिल में आता हूं..भटकंडी में नहीं।



## सिगरेट सूंघकर किशोर ने गाया था ये गाना राजेश की जोड़ी ने बनाया सुपरहिट

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के दिग्गज गायक किशोर कुमार सिर्फ एक बेहतरीन सिंगर ही नहीं, बल्कि अपनी गायकी में भावनाओं को जी लेने वाले कलाकार भी थे। इसके साथ ही किशोर दा गायकी के दौरान कई अनोखे प्रयोग भी करते थे। वैसे भी उनके गाए कई गाने आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक सुपरहिट गीत को रिकॉर्ड करते समय किशोर कुमार ने ऐसा अनोखा तरीका अपनाया था, जिसे देखकर स्टूडियो में मौजूद हर शख्स हैरान रह गया था? करीब 49 साल पहले रिकॉर्ड हुआ यह गीत आज भी लोगों की आंखें नम कर देता है। इसकी रिकॉर्डिंग से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा आज भी म्यूजिक लवर्स के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।*

### त्याग के इस गाने के लिए चाहिए था अलग एहसास



यह किस्सा 1977 में रिलीज हुई फिल्म त्याग से जुड़ा है। फिल्म में राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर, प्रेम चोपड़ा और धीरज कुमार जैसे सितारे नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर एस.डी. बर्मन ने तैयार किया था। जब फिल्म के गानों की रिकॉर्डिंग चल रही थी, तब एस.डी. बर्मन चाहते थे कि सभी गाने किशोर कुमार ही गाएं। किशोर दा ने उनकी बात मान ली और फिल्म के गीतों को अपनी आवाज दी. लेकिन फिल्म का एक गाना ऐसा था, जिसके लिए उन्हें कुछ अलग महसूस करने की जरूरत थी। यह गाना था 'हम तुम तुम हम'।

### रिकॉर्डिंग के बीच मंगवाई सिगरेट, लेकिन जलाई नहीं

जब किशोर कुमार इस गीत की रिकॉर्डिंग के लिए स्टूडियो पहुंचे तो उन्होंने सबसे पहले पूछा कि क्या राजेश खन्ना वहां मौजूद हैं। जब उन्हें पता चला कि एक्टर स्टूडियो में नहीं हैं, तो उन्होंने एक स्पॉट बॉय को बुलाकर ट्रिपल 5 सिगरेट का पैकेट मंगवाया। स्टूडियो में मौजूद लोग यह देखकर हैरान रह गए कि आखिर रिकॉर्डिंग के दौरान सिगरेट की क्या जरूरत पड़ गई। लेकिन, असली हैरानी तो तब हुई जब किशोर कुमार ने सिगरेट का एक भी कश नहीं लिया। उन्होंने पूरा पैकेट हाथ में रखा, उसे बार-बार नाक के पास ले जाकर महसूस किया और उसी दौरान पूरे गाने की रिकॉर्डिंग कर दी।

## गद्दी है तो हम हैं, मिर्जापुर द मूवी के नए पोस्टर ने बढ़ाई हलचल...

**मुंबई।** ओटीटी की मोस्ट पॉपुलर सीरीज मिर्जापुर अब फिल्म के तौर पर बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है। ऐसे में 'मिर्जापुर द मूवी'को लेकर फैंस में जबरदस्त एक्साइटमेंट है। इन सबके बीच अब इसका टीजर भी रिलीज होने वाला है। वहीं, टीजर लॉन्च से पहले, मेकर्स ने मिर्जापुर द मूवी का एक शानदार नया पोस्टर जारी किया है फैंन्स को एक बार फिर 'मिर्जापुर' की दुनिया की झलक दिखाई है। मेकर्स द्वारा शेयर किए गए पोस्टर के बीच में वह मशहूर 'गद्दी' दिखाई गई है और उसके दोनों तरफ़ बंदूकें रखी हैं। यह तुरंत उन सत्ता की लड़ाइयों, दुश्मनी और ड्रामे की यादें ताजा कर देता है, जिन्होंने 'मिर्जापुर' को इतना मशहूर बनाया था। हालांकि, पोस्टर में फिल्म को लेकर कुछ भी खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन इससे एक बात जरूर क्लियर हो गई है कि मिर्जापुर की दुनिया बहुत बड़े लेवल पर वापसी के लिए तैयार है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया है, 'गद्दी है तो हम हैं' मिर्जापुर द मूवी का टीजर गुरुवार को रिलीज होगा। मिर्जापुर द मूवी केवल हिंदी और तेलुगु सिनेमाघरों में देखें। इस फ़िल्म के को-प्रोड्यूसर कासिम जगमगिया और विशाल रामचंदानी हैं और




इसे 4 सितंबर को दुनिया भर में बड़े पैमाने पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। बता दें कि अमेजन एमजीएम स्टूडियो और एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा पेश की जा रही 'मिर्ज़ापुर: द मूवी' का निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है, इसे पुनीत कृष्णा ने लिखा है, और एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने इसे प्रोड्यूस किया है। मिर्जापुर द मूवी की स्टार कास्ट की बात करें को इसमें जितेंद्र कुमार, रवि किशन, अभिषेक बनर्जी, रसिका दुग्गल, श्वेता त्रिपाठी, श्रिया पिलगांवकर, हर्षिता गौर, सुशांत सिंह, मोहित मलिक, शीबा चड्ढा, राजेश तैलंग, कुलभूषण खरबंदा, सोनल चौहान, प्रमोद पाठक और अनंगशा बिस्वास भी शामिल हैं।


## 200 फिल्मों के बाद बनी नेता, एक्शन ऐसा सिंघम को जाएंगे भूल

# भारतीय सिनेमा की लेडी अमिताभ, 13 में डेब्यू, 10वीं में छूटा स्कूल

*नई दिल्ली। 13 साल की एक लड़की ने जब पहली बार कैमरे का सामना किया था, तब शायद उसे भी अंदाजा नहीं था कि एक दिन पूरा साउथ सिनेमा उसके नाम से गूंजेगा। पढ़ाई बीच में छूट गई, लेकिन सपनों की उड़ान नहीं रुकी। बड़े पर्दे पर उन्होंने सिर्फ रोमांटिक रोल ही नहीं किए, बल्कि ऐसे दमदार किरदार निभाए, जिन्होंने उन्हें बाकी फीमेल स्टार्स से अलग पहचान दिलाई। एक दौर ऐसा भी आया जब लोग फिल्म में हीरो से ज्यादा उनका इंतजार करते थे। यही वजह रही कि उन्हें 'लेडी सुपरस्टार' और 'लेडी अमिताभ' जैसे नाम मिले। आज हम बात कर रहे हैं विजया शांति की।*

### कल्लुकुल ईरम से की शुरुआत

विजया शांति ने बहुत कम उम्र में फिल्मी दुनिया में कदम रख लिया था। सिर्फ 13 साल की उम्र में उन्होंने तमिल फिल्म कल्लुकुल ईरम से अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद तेलुगु फिल्म खिलाड़ी कृष्णुडु में नजर आईं, जिसमें उनके साथ सुपरस्टार कृष्णा थे। फिल्मों में काम बढ़ता गया और इसी वजह से उनकी पढ़ाई पीछे छूट गई। वो 10वीं के बाद अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर सकीं, लेकिन फिल्मों में उन्होंने लगातार नई ऊंचाइयां हासिल कीं।





### आज भी कायम है क्रेज

भले ही विजया शांति अब फिल्मों में पहले की तरह नजर नहीं आतीं, लेकिन उनका स्टारडम आज भी बरकरार है। साउथ सिनेमा में उनका नाम उन चुनिंदा फीमेल स्टार्स में लिया जाता है, जिन्होंने अपने दम पर फिल्में हिट कराईं। 13 साल की उम्र से शुरू हुआ उनका सफर आज भी लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बना हुआ है।

### ताकत, हिम्मत और जज्बा आया नजर

विजया शांति का करियर चार दशक से भी ज्यादा लंबा रहा है। उन्होंने तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषा की 200 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। खास बात यह रही कि उन्होंने खुद को सिर्फ ग्लैमरस रोल तक नहीं रखा। कभी रोमांस से लोगों का दिल जीता तो कभी ऐसे किरदार निभाए जिनमें ताकत, हिम्मत और जज्बा साफ नजर आया।

### कैसे मिला लेडी अमिताभ का नाम?

80 और 90 के दशक में विजया शांति का स्टारडम अपने चरम पर था। कई फिल्मों में उनका रोल इतना दमदार होता था कि पूरी कहानी उन्हीं के इर्द-गिर्द घूमती थी। एक्शन सीन हो या पावरफुल डायलॉग, वह हर बार स्क्रीन पर छा जाती थीं। उनकी इसी इमेज ने उन्हें 'लेडी अमिताभ' का नाम दिलाया। बॉक्स ऑफिस पर भी उनकी फिल्मों ने शानदार कमाई की और कई रिकॉर्ड बनाए। अपने कॅरियर में उन्होंने नेशनल अवॉर्ड के साथ कई नंदी अवॉर्ड भी जीते।

### राजनीति में भी बनाई पहचान

फिल्मों में नाम कमाने के बाद विजया शांति ने राजनीति की राह चुनी। साल 1998 में उन्होंने बीजेपी के साथ अपना राजनीतिक सफर शुरू किया। बाद में तेलंगाना आंदोलन से जुड़ीं और 2005 में अपनी पार्टी 'तल्ली तेलंगाना' भी बनाई। कुछ समय बाद उनकी पार्टी का विलय टीआरएस में हो गया और वो तेलंगाना आंदोलन का बड़ा चेहरा बन गईं। 2009 में मेडक सीट से लोकसभा चुनाव जीतकर वह संसद पहुंचीं। इसके बाद उनका राजनीतिक सफर कई मोड़ों से गुजरा। कभी टीआरएस के साथ रहीं, कभी कांग्रेस में गईं और फिर बीजेपी में लौट आईं। साल 2023 में उन्होंने एक बार फिर कांग्रेस का हाथ थाम लिया।

## खबर संक्षेप

### शारदा संगीत विद्यालय में मनाया गया विश्व संगीत दिवस




**बिर्रा।** शारदा संगीत विद्यालय बिर्रा में विश्व संगीत दिवस 21 जून को मनाया गया। इस दौरान पूजा अर्चना पं. प्रवीणकृष्ण के द्वारा कराया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा मधुर बंदिशों की संगीतमय प्रस्तुतियां दी गईं तथा संगीत गाओ गम को भुलाओ जयंत कश्यप द्वारा दादरा पर, प्यार नहीं है जिसको सुर से समस्त विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से गायन समां बांध दी गई। तबला संगत श्रवण थवाईत व छोटेलाल पटेल द्वारा किया गया । सांगीतिक चर्चा में संगीत गुरु जयंत कश्यप ने कहा कि संगीत साधना का विषय है, जितनी कठिन साधना होती है, गायकी उतनी सरल हो जाती है। व्यस्थापक मनोज तिवारी ने कहा कि संगीत मानसिक शांति देता है। योग और संगीत परस्पर घनिष्ठ सम्बन्धी है। योग व संगीत दोनों ही ईश्वर प्राप्ति के साधन हैं और शाररिक व मानसिक शांति के भी। विद्यालय के पूर्व छात्र एवं ज्योतिषाचार्य प्रवीण तिवारी ने कहा कि संगीत से भगवत प्राप्ति संभव है। इसके अनेक उदहरण कलयुग में स्वामी हरिदास एवं अष्टछाप के कवि पुष्टिमार्गी सन्त सूरदास जी हैं। ईश्वर से सीधा संबंध संगीत का है। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने ने अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी। तत्पश्चात राग भैरवी गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर भागवताचार्य राजेन्द्र कृष्ण, जयंत कश्यप, श्रवण थवाईत, भूपेंद्र कश्यप ,सृष्टि कश्यप , त्रिशाला महंत, शुष्मिता पटेल , हिमेश कश्यप, आशा कश्यप,जयेश कश्यप,दक्ष कश्यप,नेहाल वैष्णव, देवेंद्र पटेल, प्रज्ञा पटेल उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 28 जून को

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ संयुक्त तहसील चाम्पा, सारागांव, बम्हनीडीह की मासिक बैठक मां गायत्री उच्तर माध्यमिक विद्यालय सारागांव में रविवार 28 जून को दोपहर 12 बजे से रखी गई है। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी, तथा प्रांतीय निर्देशों की जानकारी दी जाएगी। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के अध्यक्ष बालमुकुंद चतुर्वेदी, कार्यवाहक अध्यक्ष नंद कुमार राठौर, गेंदराम डडसेना, तिजेंद्र तिवारी, सचिव विजय सिंह राठौर, गौरीशंकर राठौर, कोषाध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रवक्ता रामकुमार राठौर ने पेंशनरों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### तहसील शिवरीनारायण में राजस्व निरीक्षक को दी गई विदाई



**तुस्मा।** तहसील शिवरीनारायण में पदस्थ राजस्व निरीक्षक किशोर सिंह सिदार के नए पदस्थापना स्थल तहसील सारागांव में स्थानांतरण होने पर राजस्व निरीक्षक कक्ष तहसील कार्यालय शिवरीनारायण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पटवारियों ने श्रीफल, शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी। साथ ही नवपदस्थ राजस्व निरीक्षक जयनारायण भूपेंद्र का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समारोह में वक्ताओं ने श्री सिदार के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सरल व्यवहार से राजस्व विभाग में एक अलग पहचान बनाई है। उनके नेतृत्व में तहसील शिवरीनारायण ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। विशेष रूप से पूरे तहसील क्षेत्र का नक्शा बटांकन कार्य जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया था। इसके अलावा स्वामित्व योजना,आबादी सर्वेक्षण एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे जैसे महत्वपूर्ण शासकीय कार्यों को समयबद्ध और सफलतापूर्वक पूर्ण कराने में भी उनका योगदान सराहनीय रहा। वहीं श्री सिदार ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिवरीनारायण में बिताया गया समय उनके जीवन की अमूल्य स्मृतियों में हमेशा शामिल रहेगा। इस अवसर पर मिसदा सर्कल के राजस्व निरीक्षक बद्रीनारायण जांगड़े, तहसील शिवरीनारायण पटवारी संघ के अध्यक्ष मोहन बनर्जी,मुख्यालय पटवारी दिलेश्वर कश्यप सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निधन

### श्रीमती मालती मंडावी



**जैजैपुर।** जैजैपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत अकलसरा के प्रतिष्ठित नागरिक पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच स्व. बुद्धेश्वर सिंह सिदार की धर्म पत्नी श्रीमती मालती मंडावी का आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र सुरेन्द्र मंडावी ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे कोटेतरा हाईस्कूल में पदस्थ व्याख्याता सुरेन्द्र मंडावी की मां थी।

जगह-जगह गड्ढे में पानी भरने से हादसों का बढ़ा खतरा

# हल्की बारिश के बाद नगर के कई स्थानों पर जलभराव, लोगों की बढ़ी परेशानी



हल्की सी बारिश के बाद सड़क में भरा पानी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

नगर में इन दिनों हो रही मामूली बारिश ने ही जल निकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। हल्की वर्षा के बाद नगर के कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन रही है, जिससे आम नागरिकों, राहगीरों एवं बाहर से आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर में पानी निकासी एवं उचित बहाव की व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर ही जमा हो रहा है। इससे सड़कें तेजी से खराब हो रही हैं और जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं। जलभराव के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देने से दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। नगर के नेहरू बाल उद्यान के सामने, सब्जी मंडी बाईपास मार्ग, केरा चौक, तथा वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 के बीच हाईस्कूल से सीत बाबा जाने वाले मार्ग में लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। इसके अलावा नगर पंचायत कार्यालय के सामने स्थित चौपाटी क्षेत्र में भी हल्की बारिश होते ही पानी जमा हो जाता है। नगर के कई अन्य हिस्सों में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी बारिश का मौसम पूरी तरह शुरू भी नहीं हुआ है और मामूली वर्षा में ही यह हाल है। यदि समय रहते जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो आगामी दिनों में भारी बारिश के दौरान स्थिति और गंभीर हो सकती है। इससे आवागमन बाधित होने के साथ-साथ नागरिकों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।नगरवासियों ने नगरीय प्रशासन से मांग की है कि जलभराव वाले स्थानों का सर्वे कर तत्काल नालियों की सफाई, जल निकासी की व्यवस्था एवं क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराई जाए, ताकि बारिश के मौसम में लोगों को राहत मिल सके।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में अनियमितता पर बड़ी कार्रवाई की जगह महज सेक्टर अदला-बदली!

**जांजगीर-चांपा।** जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में गंभीर अनियमितताएं सामने आने के बावजूद महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्रवाई सवालों के घेरे में है। निर्धारित समय पर केंद्र बंद मिलने, कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की अनुपस्थिति जैसी शिकायतों की जांच के बाद विभाग ने जिम्मेदार पर्यवेक्षकों पर कोई कठोर कार्रवाई करने के बजाय केवल उनके सेक्टर बदलकर मामले की खानापूर्ति कर दी। प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए शासन ने 23 अप्रैल से 30 जून तक आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन का समय सुबह 7 बजे से 11 बजे तक निर्धारित किया है। इस दौरान बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा, ईसीसीई गतिविधियां और पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश हैं। इसके बावजूद पामगढ़ परियोजना अंतर्गत सेक्टर खरौद के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-1 तनौद तथा सेक्टर लोहर्सी के केंद्र क्रमांक-1 खोखरी, भखराभाठा एवं केंद्र क्रमांक-3 लोहर्सी निर्धारित समय में बंद पाए गए। साथ ही कार्यकर्ता और सहायिकाओं की अनुपस्थिति की शिकायतें भी मिलीं। जांच में शिकायतें सही मिलने पर सेक्टर खरौद की पर्यवेक्षक प्रियवंदा साहू और सेक्टर लोहर्सी की पर्यवेक्षक संतोषी देवांगन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जवाब असंतोषजनक पाए जाने के बाद दोनों की सुनवाई भी हुई, लेकिन विभाग ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के बजाय दोनों पर्यवेक्षकों के सेक्टर आपस में बदल दिए। संतोषी देवांगन को लोहर्सी से खरौद और प्रियवंदा साहू को खरौद से लोहर्सी भेज दिया गया। विभाग की इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि यदि केंद्र बंद मिले और कर्मचारियों की अनुपस्थिति जैसी गंभीर लापरवाही सामने आई है तो केवल सेक्टर परिवर्तन से जिम्मेदारी तय कैसे होगी। बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा से जुड़े केंद्रों में लापरवाही सामने आने के बाद भी कठोर कार्रवाई नहीं होना विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।



# शासकीय कार्यालय में स्वच्छ भारत मिशन अभियान की उड़ रही धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालखरौदा

- गंदगी व कचरा से उठ रही बदबू से लोग परेशान

एक ही परिसर में संचालित एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं रजिस्टार कार्यालय में स्वच्छत भारत मिशन योजना की धज्जियां उड़ रही है। परिसर में पसरी गंदगी से यहां आने वाले लोग परेशान है।

अनुविभाग मुख्यालय में एसडीएम कार्यालय एवं तहसील कार्यालय तथा रजिस्टार कार्यालय एक ही परिसर में संचालित है, जहां देखने में आ रहा है कि दूर दराज से तहसील एसडीएम कार्यालय तथा रजिस्टर कार्यालय आने वाले ग्रामीण तथा परिसर में बैठकर कार्य करने वाले अन्य लोग गुटका पाउच खाकर जहां-तहां थूक रहे है। पान के पत्ते तथा जलाए हुए रैपर का जगह-जगह ढेर दिखाई दे रहा है, जिससे शासन की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन अभियान का कार्यालय में धज्जियां उड़ रही है जबकि परिसर में स्थित दोनों कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी रोजाना पहुंच रहे हैं, बावजूद उनके द्वारा परिसर में पड़े गंदगी कचरे की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे दूर दराज से आने वाले ग्रामीण बदबू और गंदगी से खासे परेशान हैं। लोगों को कहना है कि जिन अधिकारियों को पूरे ब्लॉक की स्वच्छता की जवाबदारी है उन्हीं के कार्यालय के परिसर तथा बाहर इस प्रकार की गंदगी है तो समझा जा सकता है। पूरे ब्लॉक में स्वच्छ भारत अभियान को लेकर किस प्रकार का माहौल होगा। मालखरौदा क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य सोना एकलव्य चंद्रा का कहना है कि अगर तहसील कार्यालय में गंदगी है तो अधिकारियों की घोर लापरवाही है जो परिसर की गंदगी को देखे बगैर अपने कार्यालय में पहुंच रहे हैं।

# आवासीय क्षेत्र पर संचालित शराब दुकान से बिगड़ रहा माहौल, रहवासी क्षेत्र से हटाने की मांग तेज



**बम्हनीडीह।** नगर पंचायत बम्हनीडीह के मुख्य मार्ग बड़गड़ी रोड पर संचालित शासकीय मदिरा दुकान को लेकर नगरवासियों में लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि आबादी वाले क्षेत्र और प्रमुख शैक्षणिक एवं धार्मिक संस्थानों के बीच संचालित इस दुकान के कारण आसपास का वातावरण प्रभावित हो रहा है, जहां पहले सुबह-शाम लोग टहलने और परिवार के साथ समय बिताने पहुंचते थे, वहीं अब अक्सर शराबियों का जमावड़ा देखने को मिलता है। शराब सेवन के बाद तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही बढ़ने से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। नगरवासियों ने जनहित को ध्यान में रखते हुए मदिरा दुकान को अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की मांग उठाई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मदिरा दुकान के आसपास कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान संचालित हैं। दुकान के समीप हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित है, वहीं सरस्वती शिशु मंदिर, आत्मानंद विद्यालय, शासकीय महाविद्यालय तथा बीईओ कार्यालय भी इसी क्षेत्र में मौजूद हैं। ऐसे में प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं आम नागरिक इस मार्ग से गुजरते हैं। लोगों का मानना है कि इस तरह के क्षेत्र में मदिरा दुकान का संचालन सामाजिक दृष्टि से उचित नहीं है। मदिरा दुकान के आसपास नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल भी स्थित हैं, जिनमें दुर्गा मंदिर, शनि मंदिर तथा सात बहिनिया मंदिर प्रमुख हैं। इधर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित आसपास के रहवासी क्षेत्रों के लोगों ने बताया कि दुकान के आसपास कई बार शराब सेवन करने वालों का जमावड़ा लग जाता है इससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को असुविधा होती है

**उच्चाधिकारियों से करेंगे चर्चा**

आवासीय परिसर के पास शराब दुकान होने से नगरवासियों को काफी समस्या हो रही है। उच्च अधिकारियों से बात कर स्थानांतरण करने हेतु निवेदन किया जाएगा।

- **रमेश डडसेना,** अध्यक्ष नगर पंचायत बम्हनीडीह

# शिक्षा ही भविष्य की नींव, शासन का उद्देश्य कोई भी बच्चा शिक्षा से न रहे वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

ग्राम पंचायत सोंठी के शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला में गुरुवार 24 जून को नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने पर 'शाला प्रवेश उत्सव' बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया।

**खास बात**

- धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव, बच्चों को बांटे गए नए गणवेश एवं पुस्तकें



छात्राओं को पुस्तक प्रदान करते अतिथि।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच राखी यादव, उप सरपंच मुकेश डेंसिल, सेवानिवृत्ति शिक्षा पुरुषोत्तम देवांगन, रिटायर्ड सैनिक चेक राम साहू थे। लंबे समय बाद स्कूल लौटे पुराने बच्चों और पहली बार कदम रख रहे नव-प्रवेशी छोटे बच्चों का शिक्षकों और ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क नए गणवेश और नई पाठ्यपुस्तकों के सेट वितरित किए गए। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा ही भविष्य की नींव है। शासन का उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। नए गणवेश और किताबें बच्चों को नियमित स्कूल आने और पूरे उत्साह के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करेंगी।इशिक्षकों ने दिलाया बेहतर शिक्षा का भरोसास्कूल के प्रधान पाठक [प्रधान पाठक हीरानंद साहू ने सभी पालकों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों की पूरी टीम इस सत्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने पालकों से अपील की कि वे बच्चों को प्रतिदिन स्कूल जरूर भेजें। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, गणमान्य नागरिक, भारी संख्या में पालकगण, शिक्षकवृंद और स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

### सैनिक स्कूल बिलासपुर में राजवीर देवांगन का चयन



**राहौद।** नगर के राजवीर देवांगन का आधारशिला विद्या मंदिर (एवीएम) सैनिक स्कूल बिलासपुर में चयन हुआ है। राजवीर फ्रेंड्स इंग्लिश मिडियम स्कूल राहौद में कक्षा पांचवीं के अध्ययनरत छात्र हैं। उनका चयन सैनिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में हुआ है। वे बाल्यकाल से ही पढ़ाई एवं खेल के क्षेत्र में अग्रणी है। राजीवर श्रीराम मेडिकल स्टोर्स के संचालक रामेश्वर देवांगन एवं शासकीय प्राथमिक शाला मेंहदी में पदस्थ (शिक्षिका) ललिता देवांगन के सुपुत्र है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। सैनिक स्कूल में चयनित होने पर रामकुमार देवांगन, घनश्याम देवांगन, रामेश्वर देवांगन ,निलेश्वर देवांगन, प्रियांशु देवांगन, पारूल देवांगन सहित पूरे परिवार एवं देवांगन समाज में हर्ष का माहौल है।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुटीघाट में शाला प्रवेश उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

**मुलमुला।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुटीघाट में संकुल स्तरीय शालाप्रवेश उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में अतिथि के रुप में अनिल जोशी सरपंच, पुष्पलता सन्नी यादव जनपद सदस्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुटीघाट में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें सन्नी यादव,जनपद सदस्य प्रतिनिधी प्राचार्य श्रीमती आभा देशपांडे, व्याख्याता आर के नौरंगे, दीपेंद्र कुमार पांडेय, श्रीमती अंजना बघेल, उदयपाल सिंह बैस, अमित शर्मा, शहाना बेगम, डॉ सुषमा शर्मा, विजय तिवारी, श्रीमती नीलिमा पांडेय, प्रफुल साहू व्यायाम शिक्षक एवं पालक उपस्थित थे। कार्यक्रम में नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगा, मुंह मीठा कराकर, गणवेश एवं पुस्तके वितरित की गई, साथ ही जिन विद्यार्थियों ने पिछले वर्ष राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया था, उन्हें भी प्राचार्य, जनपद सदस्य एवं सरपंच के द्वारा सम्मानित किया गया।

### सिंघलद्वीप में नवप्रवेशी बच्चों को पेन एवं पेंसिल देकर मनाया शाला प्रवेशोत्सव

**तनौद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघलद्वीप में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए शाला प्रभारी रमेश कुमार कैवर्त्य के नेतृत्व में एवं संकुल समन्वयक नरेंद्र गिर गोस्वामी, जागरूक युवा सीताराम उजीर एवं पालकों की उपस्थिति में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं महात्मा गांधी के तैलचित्र पर पुष्प एवं श्रीफल अर्पित कर नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर अभिनंदन एवं प्राथमिक के सभी बच्चों को पेंसिल, शार्पनर, इरेज़र, 6वीं के छात्रों को पेन वितरित कर हर्षोल्लास से प्रवेश उत्सव मनाया गया। विद्यालय के प्रभारी ने छात्रवृत्ति के लिए आवश्यक जाति एवं आय प्रमाण पत्र एवं लाभार्थी बच्चों के बैंक खाता खोलवाने की अपील की। साथ ही नियमित विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने की बात की। इस अवसर पर पालकगण एवं शिक्षक वृन्द आशीष साहू, नीलम कुमार जोगी, श्रीमती अनिता कुर्रे, श्रीमती सरोज सिदार, आमंत्रित प्रधान पाठक सुरेन्द्र सिदार शिक्षक रामसनेही साहू आदि उपस्थित रहे।



### शासकीय प्राथमिक शाला नायक टांड में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन

**अकलतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला नायक टांड, अकलतरा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद विजय खांडेल संकुल प्रभारी श्रीमती गीता सिंह, शैक्षिक समन्वयक श दामोदर चौधरी, पूर्व पार्षद सरजू यादव के आतिथ्य एवं महिला समूह की प्रतिनिधिगण, पालकगण एवं प्रधान पाठक रामशरण सिंह की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। बच्चों को गणवेश एवं पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया गया तथा मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। सभी अतिथियों ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक राजू मधुकर, ब्रजकिशोर शर्मा, श्रीमती कांति जोगी तथा महिला समूह की सदस्याएं एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।



स्नेह मिलन समारोह में पुराने मित्रों ने साझा किए जीवन के अनुभव, गुरुजनों को किया याद

# 30 साल बाद मिला 1996 बैच, सहपाठियों के मिलन से ताजा हुई स्कूल की सुनहरी यादें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवरीनारायण के वर्ष 1996 बैच के पूर्व विद्यार्थियों का स्नेह मिलन समारोह बुधवार 24 जून को शिवरीनारायण स्थित होटल ध्रुव तारा में आयोजित किया गया। लगभग तीन दशक बाद एक ही छत के नीचे एकत्र हुए सहपाठियों ने अपने छात्र जीवन की यादों को ताजा करते हुए भावुक क्षणों का अनुभव किया। कार्यक्रम में शामिल सभी साथियों ने एक-दूसरे का आत्मीय स्वागत किया और वर्षों बाद हुई इस मुलाकात को अविस्मरणीय बताया।



कार्यक्रम में उपस्थित वर्ष 1996 बैच के पूर्व विद्यार्थी।

समारोह की शुरुआत परिचय सत्र से हुई, जिसमें सभी पूर्व विद्यार्थियों ने अपने-अपने जीवन के सफर, पारिवारिक और व्यावसायिक अनुभवों को साझा किया। किसी ने शिक्षा, प्रशासन, व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों की जानकारी दी तो किसी ने संघर्ष और सफलता की प्रेरणादायक कहानियां सुनाईं। इस दौरान स्कूल के दिनों की शरारतें, कक्षा के संस्मरण, खेलकूद प्रतियोगिताएं सीऔर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की यादें चर्चा का प्रमुख विषय रहीं। इस दौरान तत्कालीन प्राचार्य पीएल कौशिक, सेवानिवृत्त शिक्षक उदयराम कैवर्त प्राचार्य आरपी कश्यप का छात्र छात्राओं के द्वारा शाल, श्रीफल और भगवान शिवरीनारायण की छाया चित्र भेंटकर का सम्मान किया। सहपाठियों ने अपने गुरुजनों को याद किया और कहा कि विद्यालय में प्राप्त शिक्षा, संस्कार और मार्गदर्शन ने ही उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उपस्थित साथियों ने भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने तथा आपसी संपर्क बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, समूह चर्चा का भी आयोजन किया गया। सभी ने मिलकर पुरानी तस्वीरों को देखा और स्मृतियों को साझा किया। लंबे अंतराल के बाद हुई इस मुलाकात ने सभी के चेहरों पर खुशी और उत्साह की झलक बिखेर दी। उपस्थित साथियों ने कहा कि यह स्नेह मिलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि उन रिश्तों को फिर से जीवंत करने का अवसर था, जो समय के साथ दूर तो हो गए थे, लेकिन दिलों में आज भी उतने ही मजबूत हैं। कार्यक्रम की समाप्ति पश्चात सभी ने मठ मंदिर और भगवान शिवरीनारायण का दर्शन किए। कार्यक्रम में भूपेंद्र चंद्रा, पवन केशरवानी, भरत सिंह, अमित पारीक, रवि नारायण शर्मा, मदन तिवारी, नवीन शर्मा, खिलावन आदित्य, भगवान केसरवानी, देवेंद्र केसरवानी, बलराम पटेल, योगेश भट्ट, सीताराम चंद्रा, योगेश रजक, मिलेंद्र केसरवानी, विष्णु केसरवानी, प्रतिभा शर्मा, मोना सोनी, रश्मि यादव, कस्तूरी वैष्णव, शैलजा लाल सहित पुराने छात्र शामिल हुए।

# शिष्यावृत्ति में गड़बड़ी की जांच करने पहुंची टीम, चार घंटे तक खंगाले रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



- नगारीडीह आश्रम में शिष्यावृत्ति अनियमितता का मामला

अनुसूचित जाति बालक आश्रम नगारीडीह में शिष्यावृत्ति अनियमितता की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय जांच दल बुधवार को आश्रम पहुंचा। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई जांच लगभग चार घंटे तक चली। इस दौरान जांच दल ने शिष्यावृत्ति स्वीकृति एवं आहरण से जुड़े सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों की बारीकी से जांच की।

अनुसूचित जाति बालक आश्रम नगारीडीह में शिष्यावृत्ति राशि वितरण में गड़बड़ी की शिकायत की गई थी। शिकायत की जांच के लिए प्रशासन द्वारा टीम बनाई गई। टीम ने बुधवार को आश्रम पहुंचकर शिकायत की जांच की। इस दौरान शिष्यावृत्ति से संबंधित दस्तावेज खंगाले गए। जांच दल ने छात्रावास उपस्थिति पंजी, आश्रम शाला उपस्थिति पंजी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय की उपस्थिति पंजी, शिष्यावृत्ति देयक, कैश बुक, बैंक पासबुक एवं अन्य वित्तीय अभिलेखों का गहन परीक्षण किया। जांच दल जल्द ही अपनी रिपोर्ट सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग सक्ती को सौंपेगा।